सं. ई–16015/सीआईएसएफ/एडी(ए)–प्रतिनियुक्ति/2025/कार्मिक–II/159

महानिदेशालय
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल
(गृह मंत्रालय)

ब्लॉक–13, सीजीओ कॉम्पलेक्स
लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
दिनांक : 21 जनवरी, 2025

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
2. केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के सभी कार्यालय प्रमुख।

विषय **केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, महानिदेशालय में प्रतिनियुक्ति के आधार पर सहायक निदेशक (लेखा) के 01 रिक्त पद को भरने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, महानिदेशालय में पे मैट्रिक्स (रू. 67700 – 208700/–) पे–लेवल 11 में सहायक निदेशक (लेखा), सामान्य केन्द्रीय सेवाएं, समूह – क (राजपत्रित, अनुसचिवीय) रैंक में 01 (एक) रिक्ति को 04 वर्षों की अवधि के लिए संघटक विधि (पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति) द्वारा भरा जाना प्रस्तावित है।

2. पद के लिए पात्रता शर्तें **अनुलग्नक–I** में उल्लिखित की गई है।

3. प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन पत्रों की प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

4. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए चयनित अधिकारी का वेतन और अन्य शर्तें इस संबंध में समय–समय पर जारी भारत सरकार के आदेशों और सीआईएसएफ नियमों के अनुसरण में भी अधिशासित किए जाएंगे।

5. यह अनुरोध किया जाता है कि उपयुक्त, पात्र और इच्छुक अधिकारियों के संबंध में, जिन्हें चयन होने की स्थिति में तत्काल कार्यभार मुक्त किया जा सके, अनुलग्नक–II में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र (तीन प्रतियों में) **उप महानिरीक्षक/कार्मिक, महानिदेशालय, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, ब्लॉक संख्या 13, सीजीओ कॉम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली–03** को भेजा जाना चाहिए जिससे यह अद्यतन एपीएआर डोजियर्स और सतर्कता निकासी के साथ इस पत्र के जारी होने या रोज़गार समाचार पत्र में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर जो भी बाद में हो, पहुंच जाए। कृपया इसे नोट किया जाए कि अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त अथवा अपेक्षित दस्तावेज़ों के बिना अथवा किसी भी प्रकार अपूर्ण पाए गए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा और इस संदर्भ में किए गए किसी भी पिछले संदर्भ पर विचार नहीं किया जाएगा। चूंकि नियुक्ति तत्काल की जानी है, यह अनुरोध किया जाता है कि उपरोक्त उल्लिखित आवेदन पत्रों की प्राप्ति की अंतिम तिथि का कठोरता से पालन किया जाए।

Rahul Jain
(डॉ राहुल जैन)
उप महानिरीक्षक (कार्मिक)

संलग्न :– यथोपरोक्त।

1. महानियंत्रक लेखा, पश्चिमी ब्लॉक सं. 5, आर. के. पुरम, नई दिल्ली।
2. महानियंत्रक लेखा, लोक नायक भवन, नई दिल्ली।
3. उप सचिव (कार्मिक–I), गृह मंत्रालय, नई दिल्ली।

**मूल में संलग्न नहीं**

1. सहायक महानिरीक्षक/तकनीकी, सीआईएसएफ मुख्यालय, नई दिल्ली – विज्ञापन सीआईएसएफ की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

अनुलग्नक – I

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | : | सहायक निदेशक (लेखा) |
| 2. | पद का स्पष्टीकरण | : | साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "क" (राजपत्रित, अनुसचिवीय) |
| 3. | पद का वेतनमान | : | पे मैट्रिक्स (रू. 67700–208700/–) मे पे लेवल –11 |
| 4. | प्रतिनियुक्ति पर भरे जाने वाले पदों की संख्या | : | 01 (एक) |
| 5. | प्रतिनियुक्ति की अवधि | : | 04 (चार) वर्ष |
| 6. | भर्ती नियमों के अनुसार, पात्रता की शर्ते निम्नानुसार हैः– | | |
| | | | **संघटक विधि (प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति)**<br>केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारें/संघ राज्य–क्षेत्रों के ऐसे अधिकारी :–<br>(क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या<br>अथवा<br>(ii) वेतन मैट्रिक्स स्तर–10 (रू. 56100–177500/–) के पदों में पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो या समतुल्य; या<br>(iii) वेतन मैट्रिक्स स्तर–8(रू. 47600–151100/–) के पदों में छह वर्ष की नियमित सेवा की हो या समतुल्य; या<br>(iv) वेतन मैट्रिक्स स्तर–7(रू. 44900–142400/–) के पदों में सात वर्ष की नियमित सेवा की हो या समतुल्य; और<br><br>(ख) जिनके पास निम्नलिखित अर्हताओं में से कोई एक अर्हता हैः–<br>(i) केन्द्रीय सरकार के किसी भी संगठित लेखा विभाग द्वारा संचालित अधीनस्थ लेखा सेवा या समतुल्य परीक्षा उतीर्ण की हो ।<br>(ii) सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान में रोकड़ और लेखा कार्य का या समतुल्य प्रशिक्षण सफलतापूवर्क पूरा किया हो और जिसके पास रोकड़, लेखा और बजट में पांच वर्श का अनुभव है । |
| | (टिप्पणी I : स्तर–7 में ऐसे विभागीय लेखा अधिकारी जोकि अपनी श्रेणी में सात वर्श की नियमित सेवा पूरी कर चुके हो और वे प्रतिनियुक्त व्यक्ति के लिए निर्धारित शिक्षात्मक अर्हताओं और अनुभव को पूरा करते हो, पर भी बाहरी व्यक्तियों के साथ विचार किया जाएगा और कोई उस पद पर नियुक्ति के लिए चुना जाता है तो वह प्रोन्नति द्वारा भरा गया समझा जाएगा ।<br><br>टिप्पणी II : प्रतिनियुक्त की अवधि जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया चार वर्श से अधिक नहीं होगी । प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु–सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्श से अधिक नहीं होगी । | | |

***************

अनुलग्नक– ।।

## जीवनवृत्त (बायो डाटा) प्रपत्र

| क.सं. | ब्यौरा | विवरण | |
|---|---|---|---|
| 1 | बड़े अक्षरों में नाम और पता | | |
| 2 | जन्म तिथि (ईस्वी सन् में) | | |
| 3 | केन्द्र सरकार नियमावली के तहत सेवानिवृति की तिथि | | |
| 4 | शैक्षिक अर्हताएं | | |
| 5 | क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं संतोशप्रद हैं। यदि किसी अर्हता को नियमावली में निर्धारित किसी अर्हता के समतुल्य माना गया है तो उसका प्राधिकारी दर्शाएं। | | |
| 6 | अनिवार्य | अपेक्षित अर्हता अनुभव | अधिकारी द्वारा धारित अर्हता अनुभव |
| | | 1<br>2<br>3...... | |
| 7 | वांछनीय | अपेक्षित अर्हता अनुभव | अधिकारी द्वारा धारित अर्हता अनुभव |
| | | 1<br>2<br>3...... | |
| 8 | कृपया उपरोक्त प्रविष्टियों के आलोक में यह स्पष्ट रूप से दर्शाएं कि आप पद के लिए अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। | | |
| 9 | क्रमानुसार रोजगार का विवरण, यदि नीचे दिए गए स्थान पर्याप्त नहीं हैं तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित एक अलग शीट संलग्न करें। | | |

| कार्यालय / संस्थान / संगठन | धारित पद | से | तक | पे स्केल एवं बेसिक पे | कर्तव्य का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | मौजूदा रोजगार का स्वरूप अर्थात् – तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा अर्द्धस्थायी अथवा स्थायी | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | यदि मौजूदा रोजगार प्रतिनियुक्ति / संविदा आधार पर है तो कृपया दर्शाए | क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि | |
| | | ख) प्रतिनियुक्ति / संविदा के आधार पर नियुक्ति की अवधि | |
| | | ग) मूल कार्यालय / संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं। | |
| 12 | आपके वर्तमान रोजगार के संबंध में अतिरिक्त विवरण | कृपया दर्शाएं कि आप किसके अधीन कार्यरत हैं। | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| 13 | क्या आप संशोधित वेतनमान में आते हैं? यदि हां, तो वह तिथि दर्शाएं जिससे संशोधन हुआ और पूर्व संशोधित स्केल को भी दर्शाएं। | | |
| 14 | इस समय आहरित की जाने वाली प्रति माह कुल परिलब्धियां | | |
| 15 | पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में अतिरिक्त सूचना, यदि कोई है जो आप उल्लिखित करना चाहते हैं। यदि स्थान पर्याप्त नहीं है तो एक अलग शीट संलग्न करें। | | |
| 16 | क्या आप अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति से संबधित हैं। | | |
| 17 | अन्य कोई सूचना | | |

मैंने रिक्ति प्रपत्र / विज्ञापन का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया है और मैं भली भांति समझता हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों सहित जीवनवृत्त का आकलन चयन समिति द्वारा इस पद के चयन के समय भी किया जाएगा।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

पता.................................................

टेलीफोन नं...................................

मोबाईल नं...................................

ई–मेल आईडी.......................................

तिथि :............................................

स्थान :...........................................

प्रतिहस्ताक्षरित

(नियोक्ता की मुहर सहित)

## आवेदक के कार्यालय के प्रमुख द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण–पत्र

क) यह सत्यापित किया जाता है कि अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण सही है।

ख) यह सत्यापित किया जाता है कि अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई अनुशासनिक/सतर्कता मामला लंबित अथवा अपेक्षित नहीं है वह सतर्कता दृष्टि से मुक्त है।

ग) उसका/उसकी सत्य निष्ठा प्रमाणित है।

घ) यह सत्यापित किया जाता है कि पिछले 10 वर्ष के दौरान अधिकारी के विरूद्ध कोई छोटी या बड़ी शास्ति पारित नहीं की गई है।

ड) उसका/उसकी संपूर्ण एपीएआर डोजियार/एपीएआर की फोटो प्रतियों पर (प्रत्येक पृष्ठ पर) पिछले पॉच वर्ष तक का, भारत सरकार के अवर सचिव पद के अधिकारी द्वारा सत्यापित कर संलग्न किया गया है।

च) यह सत्यापित किया जाता है कि अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में कोई मामला लंबित नहीं है।

**(कार्यालय प्रमुख)**

नाम............................................

टेलीफोन नं..................................

फैक्स नं.......................................

कार्यालय मुहर सहित ...............

तिथि :..........................................

स्थान :.........................................